University in News on 28 August 2021

i-NEXT PAGE 4

आठ और विषयों के परिणाम घोषित

LUCKNOW(27 Aug): लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में से आठ और विषयों के परिणाम जारी कर दिए. वेबसाइट https//www.lkouniv.ac.in/ पर नतीजे देख सकते हैं. परीक्षा विभाग के अनुसार एमए इकोनामिक्स प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर), एमए इकोनामिक्स प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस), बीए आनर्स अंग्रेजी प्रथम सेमेस्टर, बीए आनर्स इकोनामिक्स प्रथम सेमेस्टर, एमएससी जूलाजी चौथा सेमेस्टर, एमएससी जूलाजी प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस), एमएससी न्यूट्रिशन प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर), एमएससी न्यूट्रिशन प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) के परिणाम घोषित किए गए हैं.

लखनऊ यूनिवर्सिटी में तीन नए प्रोवोस्ट

LUCKNOW(27 Aug): लखनऊ विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने तीन शिक्षकों को प्रोवोस्ट बनाया है. इनमें सोशल वर्क डिपार्टमेंट की डा.शिक्षा रजावत को तिलक हाल का एसोसिएट प्रोवोस्ट, लॉ डिपार्टमेंट के प्रो. मोहम्मद अहमद को होमी जहांगीर भाषा हाल न्यू कैम्पस का प्रोवोस्ट और डॉ. हरीश चंद्र राम को इसी हास्टल का प्रोवोस्ट बनाया है.

बीएड एंट्रेंस एग्जाम में आशु नंबर-1

छात्राओं में भावना मिश्रा ने किया टॉप

LUCKNOW(27 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने बीएड प्रवेश परीक्षा के नतीजे जारी कर दिए. वीसी आलोक कुमार राय ने बताया लखनऊ के आशु राणा ने इसमें टॉप किया है. दूसरे नंबर पर अजाज अहमद, तीसरे पर अजय गौड़, चौथे पर सक्षम पटेरिया, पांचवें पर अक्षय कुमार मिश्रा, छठे पर उमेश कुमार सातवें पर युवराज सिंह, आठवें पर शिवम चतुर्वेदी, नवें पर देवेश कुमार पटेल और दसवें पर राघवेंद्र सिंह रहे.

वेबसाइट पर देखें रिजल्ट

छात्राओं में भावना मिश्रा ने टॉप किया है. दूसरे स्थान पर प्रज्ञा गुप्ता, तीसरे स्थान पर कृतिका गुप्ता, चौथे स्थान पर अनमोल चौधरी, पांचवें स्थान पर निधि बंसल रही. अभ्यर्थी अपने परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं. कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लागिन करके (जहां से अभ्यर्थियों ने अपना आनलाइन आवेदन पत्र भरा था) अपना प्राप्तांक, स्टेट रैंक, कैटेगरी रैंक प्राप्त कर सकेंगे. इस बार प्रवेश परीक्षा में पांच लाख, 91 हजार, 305 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में पंजीकृत थे. प्रवेश परीक्षा में पांच लाख, 33 हजार, 457 परीक्षार्थी शामिल हुए थे.

20 दिन में जारी किया रिजल्ट

बीते वर्ष 27 दिन में परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे, इस बार महज 20 दिन में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया. प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि इस बार करेक्ट आंसर, गलत आंसर और माइनस मार्किंग को ध्यान में रखते हुए स्कोर कार्ड जारी किए गए हैं.

रिजल्ट की घोषणा करते एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय.

उम्मीद नहीं थी, टॉप करूंगा

इंदिरा नगर के बी ब्लॉक में रहने वाले आशु राणा ने बताया कि कक्षा 9 से 12वी तक महानगर के मॉट फोर्ट में पढ़ाई की. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी पटना से इलेक्ट्रिकल से पढ़ाई के बाद कर्नाटक में अवंती लर्निंग सेंटर में गणित के शिक्षक के तौर पर पढ़ा रहा था. नौकरी छोड़ एसएसबी की तैयारी की. लेकिन में चयन नहीं हुआ. दो बार पीसीएस भी दे चुका. वहां भी कुछ कमी रह गई. इसलिए सोचा खुद भी पढ़ूं और दूसरों को भी पढ़ाऊं. इसके लिए बीएड प्रवेश परीक्षा दी. उम्मीद नहीं थी कि टाप करूंगा.

शुरू से पढ़ाना है पसंद : भावना

छात्राओं में टापर और ओवरआल 17वीं रैंक लाने वाली झांसी की भावना मिश्रा को पढ़ाना पसंद है. छुट्टियों में मोहल्ले में फ्री ट्यूशन देकर बच्चों को पढ़ाया भी. वह बताती हैं कि सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज से 12वी किया और बुंदेलखड यूनिवर्सिटी से बीएससी और अब एमएससी केमिस्ट्री से आखिरी सेमेस्टर की पढ़ाई कर रही हूं. बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए एंट्रेंस बुक और यू-ट्यूब की मदद ली. अब बीएड के बाद शिक्षक भर्ती के लिए पीजीटी, टीजीटी और जो भी परीक्षाएं हैं, वह भी देंगे.

NBT PAGE 5

एलयू में तीन कोर्सों की प्रवेश परीक्षा की तारीख बदली

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू में पीजी प्रवेश परीक्षा (पीजीईटी) के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एलएलएम प्रवेश परीक्षा आठ के बजाय छह सितंबर को सुबह की पाली में होगी। एलएलबी की प्रवेश परीक्षा छह के बजाय आठ सितंबर को शाम की पाली में होगी। वहीं, पब्लिक ऐडमिनिस्ट्रेशन की परीक्षा 11 सितंबर की जगह छह सितंबर को सुबह की पाली में करवाई जाएगी।

3445 ने दी पांच वर्षीय एलएलबी की प्रवेश परीक्षा

एलयू में शुक्रवार को वीवीए, वीवीए टूरिज्म और पांच वर्षीय लॉ के पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा हुई। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि सुबह की पाली में 1964 अभ्यर्थियों ने वीवीए और वीवीए टूरिज्म की प्रवेश परीक्षा दी। शाम की पाली में 3445 अभ्यर्थी पांच वर्षीय लॉ की प्रवेश परीक्षा देने आए।

20 दिन में रिजल्ट, लड़कियों में झांसी की भावना बनीं टॉपर

उप्र संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

■ एनबीटी, लखनऊ

उप्र संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2021 के परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया गया। इसमें लखनऊ के आशू राणा ने टॉप किया है। वहीं, छात्राओं में झांसी की भावना पहला स्थान पर रहीं। एलयू की ओर से 6 अगस्त को हुई परीक्षा 533457 अभ्यर्थी शरीक हुए थे।राज्य समन्वयक संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि महज 20 दिनों में परीक्षा के नतीजों का ऐलान किया गया है। पिछले साल 27 दिनों का समय लगा था।

वेबसाइट पर नतीजे अपलोड

एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इसके नतीजे एलयू की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। वहीं, ऑनलाइन ऑफ-कैम्पस काउंसलिंग प्रक्रिया की जानकारी भी एलयू की वेबसाइट पर जल्द ही अपलोड कर दी जाएगी।

10 हजार कम होगी फीस

शैक्षिक सत्र 2021-23 में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को पहले साल में 45 हजार रुपये और दूसरे साल में 25 हजार रुपये फीस के तौर पर जमा करना होगा। अब तक पहले दोनों साल की फीस लगभग 80,000 रुपये हुआ करती थी। ऐसे में इस बार लगभग दस हजार रुपये कम भुगतान करना पड़ेगा।

शिक्षक बनकर देश के लिए कुछ करने की इच्छा

यूपी जेईई-बीएड 2021 के टॉपर **आशू राणा** कहते हैं कि किसी भी परीक्षा की तैयारी करने के लिए किताब और ऑनलाइन सामग्री से तैयारी के बीच एक उचित संतुलन होना चाहिए। एनसीईआरटी के अलावा गुणवत्ता वाली किताब चुननी चाहिए। मॉटफोर्ट इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र और इंदिरानगर निवासी आशु ने एनआईटी पटना से इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग किया। एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की नौकरी छोड़ने के बाद अब सरकारी नौकरी की तैयारी करने का फैसला लिया है। आशु का कहना है कि सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहा था और एक अच्छे शिक्षक के रूप में बीएड करने के बारे में सोचा, जिससे देश के लिए बहुत कुछ कर सकता हूं।

ये रहे टॉप टेन

आशू राणा, लखनऊ
आजाद अहमद, कुशीनगर
अजय गौर, गोरखपुर
सक्षम पटेरिया, महोबा
अक्षय कुमार मिश्रा, सीतापुर
उमेश कुमार, बिजनौर
युवराज सिंह, हाथरस
शिवम चतुर्वेदी, झांसी
दिवेश कुमार पटेल, मीरजापुर
राघवेंद्र सिंह, फर्रुखाबाद

5,91,305 अभ्यर्थी परीक्ष में थे पंजीकृत
5,33,457 अभ्यर्थी ने दी परीक्षा
5,32,207 अभ्यर्थी दोनों पालियों में परीक्षा देने आए
5 अभ्यर्थी अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते पकड़े गए
5,32,207 अभ्यर्थी काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए अर्ह रहेंगे।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : एलएलबी-एलएलएम का प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम बदला

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की 6 सितंबर से शुरू होने जा रही पीजी प्रवेश परीक्षा में आंशिक संशोधन किया गया है। इसके तहत एलएलबी, एलएलएम व पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की परीक्षा तिथियों में बदलाव किया गया है। विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एलएलएम की प्रवेश परीक्षा 8 सितंबर को प्रस्तावित थी, वह अब 6 सितंबर को ही सुबह की पाली में 11 से 12.30 बजे तक आयोजित होगी। वहीं, एलएलबी की प्रवेश परीक्षा 6 सितंबर के बजाए 8 सितंबर को दूसरी पाली में दोपहर 03 से 4.30 बजे तक आयोजित होगी। वहीं, 11 सितंबर को प्रस्तावित पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की परीक्षा अब 6 सितंबर को सुबह की पाली में 11 से 12.30 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि कुछ अभ्यर्थियों की आपत्तियों को देखते हुए तिथियों में बदलाव किया गया है। पीजी प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन 6 सितंबर से शुरू हो रही है। इसकी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

6 सितंबर से शुरू होगी पीजी प्रवेश परीक्षा

लॉ व बीबीए की हुई प्रवेश परीक्षा

विश्वविद्यालय में इस समय स्नातक प्रवेश परीक्षाएं चल रही हैं। इस क्रम में शुक्रवार को सुबह की पाली में बीबीए व बीबीए टूरिज्म की प्रवेश परीक्षा हुई, जिसमें 1964 अभ्यर्थी शामिल हुए और 1017 अनुपस्थित रहे। वहीं, शाम की पाली में पांच वर्षीय लॉ की प्रवेश परीक्षा हुई। इसमें 3445 उपस्थित और 1534 अनुपस्थित रहे।

HINDUSTAN PAGE 2

बीए, बीए ऑनर्स प्रवेश परीक्षा आज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अकादमिक सत्र 2021-22 के लिए स्नातक प्रवेश परीक्षाएं चल रही हैं। शनिवार को पहली पाली में बीसीए और दूसरी पाली बीए व बीए ऑनर्स की परीक्षा होगी।

वहीं चौथे दिन शुक्रवार को सुबह की पाली में कुल 1964 अभ्यर्थियों ने बीबीए और बीबीए टूरिज्म की प्रवेश परीक्षा दी। 1017 अभ्यर्थी इन परीक्षाओं में अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पांच वर्षीय लॉ पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में 3445 उपस्थित रहे और 1534 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

PIONEER PAGE 3

एलयू स्नातक प्रवेश परीक्षा के तीसरे दिन 2551 अभ्यर्थी अनुपस्थित

लखनऊ। स्नातक कक्षाओं में दाखिले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराई जा रही प्रवेश परीक्षा के तीसरे दिन शुक्रवार को 2551 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो गई।

विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक आज दो पारियों में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गई। सुबह की पारी में कुल 1964 अभ्यर्थियों ने बीबीए और बीबीए टूरिज्म की प्रवेश परीक्षा दीए जिसमे 1017 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सायंकाल की पारी में पांच वर्षीय लॉ के पाठ्यक्रम हेतु हुई प्रवेश परीक्षा में 3445 उपस्थित रहे और 1534 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। एक अन्य खबर के मुताबिक विवि की तरफसे एलएलबी और एलएलएम का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। एलएलएम की 8 सितम्बर को प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा अब 6 सितम्बर को सुबह की पाली में होगी।

RASHTRIYA SAHARA PAGE 2

बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकेंगे अपनी रैंकिंग, लखनऊ के आशु राणा ने किया टॉप

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा गत छह अगस्त 2021 को आयोजित की गयी उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 का परिणाम शुक्रवार 27 अगस्त 2021 को अपराह्न घोषित किया गया। इस वर्ष 5,91,305 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 5,33,457 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे और रिकॉर्ड 20 दिनों में परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया, जबकि पिछले वर्ष 3,57,701 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे तथा परीक्षा परिणाम घोषित करने में 27 दिनों का समय लगा था। वीएड प्रवेश परीक्षा में लखनऊ के आशु राणा ने टॉप किया है। इसी प्रकार कुशीनगर के एजाज अहमद दूसरे व गोरखपुर के अजय गौर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं दूसरी तरफ लड़कियों में झांसी की भावना मिश्रा पहले, उन्नाव की प्रज्ञा गुप्ता दूसरे व गाजियावाद की कृतिका गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं।

लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय की वेवसाईट पर लिंक क्लिक कर प्रवेश-परीक्षा परिणाम वेवसाईट पर प्रदर्शित होने का शुभारम्भ किया। इसके पूर्व राज्य समन्वयन समिति के सभी सदस्यों ने एक साथ परीक्षा परिणाम की साफ्ट-कापी प्रो. आलोक कुमार राय को हस्तगत की। तत्पश्चात यह प्रवेश परीक्षा परिणाम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेवसाईट पर अपलोड किया जा रहा है। सभी अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर लॉगिन करके (जहाँ से अभ्यर्थियों ने अपना आनलाइन आवेदन पत्र भरा था) अपना प्राप्तॉक स्टेट रैंक कैटेगरी रैंक प्राप्त कर सकते हैं। प्रो. राय ने वताया कि वर्तमान कोरोना महामारी के चलते परीक्षा का सुरक्षित आयोजन एक वहुत वड़ी चुनौती थी। आयोजक टीम ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए सभी अभ्यर्थियों और परीक्षा कार्य में लगे शिक्षकों/ अधिकारियों/ कर्मचारियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुये यह परीक्षा आयोजित करायी। प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में परीक्षा आयोजित करायी गयी। सभी 1476 परीक्षा केन्द्र को कोरोना संक्रमण से वचाने की पूरी व्यवस्था की गयी थी।

वीएड प्रवेश परीक्षा में इस वर्ष कुल 5,91,305 अभ्यर्थी पंजीकंत हुए थे तथा प्रवेश परीक्षा परीक्षा में 5,33,457 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। 57,848 अभ्यर्थी दोनों पालियों की परीक्षा में अनुपस्थित रहे। कुल सात अभ्यर्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाये गये जिनका परीक्षाफल निरस्त कर दिया गया है। कुल 5,32,207 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा की दोनों पालियों में सम्मिलित हुए, जिनका परिणाम वेवसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है। यह 5,32,207 अभ्यर्थी काउन्सिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए अर्ह होंगे। इसके अतिरिक्त 1,243 अभ्यर्थी जो प्रवेश परीक्षा की किसी एक पाली में ही सम्मिलित हुए हैं, उनका परिणाम प्रदर्शित किया गया है। यह 1,243 अभ्यर्थी काउन्सिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए अनर्ह होंगे। ऑनलाइन आफ-कैम्पस काउन्सिलिंग प्रक्रिया की सम्भावित तिथि एवं काउन्सिलिंग सम्बन्धित अन्य सम्पूर्ण विवरण लखनऊ विश्वविद्यालय की वेवसाईट पर शीघ्र ही प्रदर्शित कर दिया जायेगा।

क्रैश हुई वीएड की साइट, नहीं दिखा रिजल्ट : अपराह्न दो वजे के करीव जैसे ही लखनऊ विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश वीएड प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी किया लखनऊ विश्वविद्यालय की वेवसाइट साइट क्रैश हो गई, जिसके चलते देर रात तक कोई भी परीक्षाफल नहीं देख सका। अभ्यर्थियों ने देर रात लगभग 11 वजे के वाद कुछ लोगों ने अपने परीक्षाफल देखने की वात कही है। उधर विवि के प्रवक्ता का कहना है कि नतीजे घोषित होने के वाद लाखों अभ्यर्थियों ने एक साथ वेवसाइट खोल दी, जिससे लोड वढ़ गया। उनका कहना है कि यह दिक्कत कुछ देर के लिए हुई, उसके वाद वेवसाइट ठीक हो गयी।

वीएड प्रवेश परीक्षा के टॉप टेन अभ्यर्थी : आशू राणा (लखनऊ), एजाज अहमद (कुशीनगर), अर्ज गौर (गोरखपुर), सक्षम पटेरिया (महोवा), अक्षय कुमार मिश्रा (सीतापुर), उमेश कुमार (विजनौर), युवराज सिंह (हाथरस), शिवम चतुर्वेदी (झांसी), दिवेश कुमार पटेल (मिर्जापुर), राघवेन्द्र सिंह (फर्रूखावाद)उ

वीएड प्रवेश परीक्षा टॉप फाइव महिला अभ्यर्थी : भावना मिश्रा (झांसी), प्रज्ञा गुप्ता (उन्नाव), कृतिका गुप्ता (गाजियावाद), अनमोल चौधरी (सहारनपुर), निधि वंसल (बुलंदशहर)।

पीसीएस बनना चाहते हैं बीएड टॉपर आशु राणा

लखनऊ। संयुक्त वीएड प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में टॉप करने वाले लखनऊ के आशु राणा पीसीएस वनना चाहते हैं। इसके लिए वह दो वार परीक्षा भी दे चुके हैं लेकिन कुछ कमी की वजह से चयन नहीं हो पाया। लिहाजा उन्होंने समय का सदुपयोग करते हुए वीएड प्रवेश परीक्षा दे दी। वी-क्लॉक इंदिरा नगर के रहने वाले आशु राणा की प्रारंभिक शिक्षा करनैलगंज के एक गांव से हुई। उन्होंने वताया कि कक्षा नौ से 12वीं तक महानगर के मांट फोर्ट में पढ़ाई की। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी पटना से इलेक्ट्रिकल से पढ़ाई करने के वाद कर्नाटक में अवंती लर्निंग सेंटर में गणित के शिक्षक के तौर पर पढ़ा रहा था। इसके वाद नौकरी छोड़ एसएसवी की तैयारी की लेकिन आखिरी राउंड में चयन नहीं हुआ। दो वार पीसीएस भी दे चुका। वहां भी कुछ कमी रह गई इसलिए सोचा खुद भी पढ़ूं और दूसरों को भी पढ़ाऊं। इसके लिए वीएड प्रवेश परीक्षा दी। उम्मीद नहीं थी कि टाप करूंगा। पढ़ाई के साथ-साथ पीसीएस की तैयारी भी करता रहूंगा ताकि एक रास्ता खुला रहे। पापा राम चंद्र राणा उप निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हैं तथा माता ईशना राणा गृहणी हैं। इनका छोटा भाई अंकित राणा वीटेक कर रहा है।

JAGRAN CITY PAGE I

पीजी प्रवेश परीक्षाओं समेत तीन विषयों का बदला कार्यक्रम

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह सितंबर से स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के कार्यक्रम में बदलाव कर दिया है। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट https//www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड कर दिया गया है।

अभ्यर्थियों को नए शेड्यूल के अनुसार प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों की आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए प्रवेश परीक्षा के तीन विषयों की तिथियां बदली हैं। बाकी प्रवेश परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी। इसका समय सुबह 11 से 12.30 बजे और दोपहर तीन से 4.30 बजे तक होगा। प्रवेश परीक्षाएं 13 सितंबर तक चलेंगी। इस बार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 19,367 आवेदन आए हैं।

यूजी-पीजी के आठ व विषयों के परिणाम घोषित: लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में से आठ और विषयों के परिणाम जारी कर दिए। परिणाम घोषित होने की जानकारी विश्वविद्यालय ने अपने ट्वीटर पर दी। परीक्षा विभाग के अनुसार एमए इकोनामिक्स प्रथम सेमेस्टर (बैक पेपर), एमए इकोनामिक्स प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस), बीए आनर्स अंग्रेजी प्रथम सेमेस्टर, बीए आनर्स इकोनामिक्स प्रथम सेमेस्टर, एमएससी जूलाजी चौथा सेमेस्टर आदि के परिणाम घोषित किए गए हैं।

फेक अकाउंट कराए बंद

लखनऊ विश्वविद्यालय के नाम और लोगो के सहारे चलाए जा रहे दो फेक ट्विटर अकाउंट को ट्विटर ने बंद कर दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसकी शिकायत की थी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि काफी समय से यूनिवर्सिटी आफ लखनऊ के नाम से दो ट्विटर अकाउंट चलाए जा रहे थे। उसमें विश्वविद्यालय की फोटो भी लगी थी।

TIMES OF INDIA PAGE 2

Top 10 ranks go to boys in UP JEE BEd

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Indiranagar resident **Ashu Rana** (26) topped the Uttar Pradesh Joint Entrance Examination for Bachelors in Education (UP JEE BEd 2021), the results of which were declared by Lucknow University on Friday.

LU had conducted the state-level entrance test on August 6 for admission to over 2.5 lakh BEd seats in around 20,000 BEd colleges across the state.

The second place in the list was taken by Azad Ahmed of Kushinagar while Ajay Gaur of Gorakhpur stood third in the overall ranking. The top 10 ranks went to boys. Among girls, Bhawna Mishra of Jhansi stood first with rank 17, Pragya Gupta of Unnao second (20) and Kritika Gupta of Ghaziabad third (30).

Scoring 340 marks of 400, Rana, who aspires to become a civil servant, said, "Anyone preparing for any examination should remember that there should be a proper balance between preparing from the book and that from online content. If you want the answer to 'what to study', you should pick up a quality book apart from NCERT and if you want to know 'how to study' take help of the internet or online content.

A former student of Montfort Inter College, Ashu has a degree in engineering from NIT Patna.

"The BEd entrance test result can be checked on the website of Lucknow University lkouniv.ac.in. Candidates can get information about their marks, rank and category by logging on to the website," said BEd state coordinator Amita Bajpai.

TOPPERS' GALLERY

Top 10 on merit list of UP Joint Entrance Exam 2021

CANDIDATE'S RANK & NAME
1. Ashu Rana (Lucknow)
2. Azad Ahmad (Kushinagar)
3. Ajay Gaur (Gorakhpur)
4. Sakcham Pateria (Mahoba)
5. Akshay Kumar Mishra (Sitapur)
6. Umesh Kumar (Bijnor)
7. Yuvraj Singh (Hathras)
8. Shivam Chaturvedi (Jhansi)
9. Divesh Kumar Patel (Mirzapur)
10. Raghavendra Singh (Farrukhabad)

JANSANDESH TIMES PAGE 3

पीजी प्रवेश परीक्षाओं के कार्यक्रम में बदलाव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने दो दिन पहले 2021-22 की परास्नातक प्रवेश परीक्षा (पीजीईटी) का संभावित कार्यक्रम जारी किया था। इस पर अभ्यर्थियों की आपत्तियां आने के बाद इसमें कुछ परिवर्तन करके अब संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रवेश परीक्षाएं छह सितम्बर से ऑफलाइन आयोजित होंगी। सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं की नई तारीख और समय की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर अपलोड कर दी गई है।

AMRIT VICHAR PAGE 2

परास्नातक प्रवेश परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की परास्नातक प्रवेश परीक्षा (पीजीईटी) का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 6 सितम्बर 2021 से आफलाइन सम्पन्न करायी जाएगी । पहले जारी कार्यक्रम में अभ्यर्थियों की कुछ आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए बदलाव किए गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओ की तिथि एवं समय की जानकारी अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर देख सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में 100 प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे । प्रवेश परीक्षा 90 मिनट्स की होगी। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

पार्टटाइम पीएचडी प्रवेश परीक्षाएं एक सितम्बर से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को पार्ट टाइम पीएचडी का संभावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। ये परीक्षाएं एक सितम्बर से शुरू होकर चार सितम्बर तक चलेंगी। परीक्षा में 70 अंक रिसर्च प्लान राइटिंग के होंगे जो कि लगभग 1000 शब्दों की होगी। वर्क एक्सपीरिएंस के 10, एकेडमिक इंडेक्स् के 10 और इंटरव्यू के 10 अंक जोड़े जाएंगे। परीक्षाओं से जुड़ी पूरी जानकारी एलयू की वेबसाइट www .lkouniv .ac .in पर उपलब्ध करा दी गई है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

बीए, बीए ऑनर्स की प्रवेश परीक्षा आज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अकादमिक सत्र 2021.22 के लिए स्नातक प्रवेश परीक्षाएं चल रही हैं। चौथे दिन शुक्रवार को सुबह की पाली में कुल 1964 अभ्यर्थियों ने बीबीए और बीबीए टूरिज्म की प्रवेश परीक्षा दी। 1017 अभ्यर्थी इन परीक्षाओं में अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पांच वर्षीय लॉ पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में 3445 उपस्थित रहे और 1534 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। शनिवार को पहली पाली में बीसीए और दूसरी पाली बीए व बीए ऑनर्स की परीक्षा होगी।